हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 23 अप्रैल 2024
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 बीजेपी प्रत्याशी सोलंकी ने नामांकन फॉर्म किया ...



07 'लोकतंत्र को मजबूत बनाने शत प्रतिशत मतदान...



### 5 करोड़ 85 लाख की राशि में से एक करोड़ की राशि वापस हुई जमा

# किसान की लिखित शिकायत के बाद भी नहीं जागा प्रशासन, अपात्रों को कर दी राशि जारी






हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कुंडालियां का जिन्न जैसे-जैसे बोतल से बाहर आ रहा है वैसे- वैसे उसकी दर परत दर खुलती जा रही हे उक्त मामले में ग्राम भंडावद के एक किसान द्वारा इसके घोटाले व फर्जी तरीके से कागजात तैयार कर मुआवजा राशि आहरित करने की जानकारी लिखित सूचना के माध्यम से जिला कलेक्टर कार्यालय व अन्य संबधित कार्यालय में पूर्व में की थी जिसकी प्राप्ति भी संबधित के पास है और जिसने संबधित अधिकारियों को कूट रचित दस्तावेजो के आधार पर राशि प्राप्त करने का जिक्र भी उक्त शिकायत में किया था पर उक्त शिकायती आवेदन को अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज कर 5 करोड़ 85 लाख की राशि जारी की गई जो की कई सवालों को जन्म दे रही है, और अधिकारियों की इस पूरे घोटाले में संलिप्तता को जाहिर कर रही हैं।

पुनर्वास राशि भुगतान मामला उजागर होने पर संबंधियों को दी गई राशि वापस जमा करवाने के नोटिस जारी किए जाने के बाद एक करोड रुपए की राशि वापस जमा होने की बात अधिकारियों द्वारा कही जा रही है। वहीं अब इस मामले की जांच लोकायुक्त द्वारा की जा रही है।

नलखेड़ा तहसील के ग्राम गोठड़ा के समीप बनाए गए कुंडालिया बांध परियोजना के अंतर्गत डूब प्रभावित ग्रामों में किसानों को उनकी कृषि भूमि के साथ पुनर्वास के लिए शासन के जल संसाधन विभाग द्वारा राशि प्रदान की गई। जो संबंधित प्रभावितों के खातों में जमा की गई थी। लेकिन परियोजना के पूर्ण होने के 5 वर्ष बाद भी इन डूब प्रभावित क्षेत्र के ग्रामों मैं अधिकारियों तथा बिचौलियों की सांठ- गांठ के चलते पुनर्वास के प्रकरण बनाए जाकर करोड़ों की राशि मंजूर की जा रही है। इतने वर्षों बाद कुंडलिया परियोजना पुनर्वास के नाम पर मंजूर की जा रही उक्त राशि कई सवालों के साथ घोटाले को जन्म दे रही है। ग्राम भंडावद में कुंडलिया परियोजना पुनर्वास के नाम पर हुई अनियमिताओं तथा कुटरचित दस्तावेजों के आधार पर पुनर्वास राशि प्राप्त करने के लिए प्रकरण तैयार किए जाने की जानकारी होने पर ग्राम भंडावद के ही एक कृषक द्वारा पूर्व में ही दिनाक 23 अक्टूबर 2023 को इस संबंध में एक शिकायती आवेदन जिला कलेक्टर कार्यालय सहित अन्य संबधित विभाग के अधिकारियों को दिया गया था जिसमें संबधित किसान ने बताया था की कुंडालिय डेम के अंतर्गत आने वाले ग्राम भंडावद के 18 वर्ष की उम्र के परिवार को शासन के द्वारा प्लॉट भूमि के बदले पांच लाख रुपए का मुआवजा दिए जाना है किसान ने बताया की ग्राम में 50 नामो की एक फर्जी सूची सस्पेंड ग्राम पटवारी व स्थानांतरण ग्राम सचिव द्वारा तैयार कर उस सूची पर अपने हस्ताक्षर विभाग में पेश की गई है उसी सूची को विभाग द्वारा भुगतान हेतु जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है किसान ने दिए गए आवेदन में यह भी बताया था की उक्त सूची सस्पेंड पटवारी व स्थानांतरण सचिव के द्वारा अपने पद व कार्य का दुरुपयोग करकेफर्जी तरीके से तैयार कर संबंधित कार्यालय में पेश की गई।

किसान ने बताया की पूर्ण रूप से पात्र हितग्रहियो की सूची विभाग में पूर्व से लम्बित पड़ी हुई हैं, उस सूची को मंजूर न करके फर्जी तरीके से तैयार की गई सूची के आधार पर राशि की मंजूरी की गई । किसान ने बताया की कुंडालिया डूब क्षेत्र के अंतर्गत 18 वर्ष की उम्र के परिवार को दी जाने वाली मुआवजा राशि की सूची की निष्पक्ष जांच की जाकर मुआवजा राशि के भुगतान पर रोक लगाई जाने के साथ ही संबधित दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग भी की गई थी। बावजूद उसके पात्र हितग्राहियों की अनदेखी कर अपात्रों को पुनर्वास राशि का भुगतान किया गया ।



### नाबालिग को बना दिया बालिक

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुसनेर के न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 52 बी - 121/ 2023 - 24 में अवार्ड पारित दिनांक 3 अगस्त 2023 एवं प्रकरण क्रमांक 41 बी 121/ 2023 - 24 अवार्ड पारित दिनांक 20 जुलाई 2023 के अनुसार 117 हितग्राहीयों के खाते में 5 - 5 लाख रुपए भुगतान करने के आदेश जारी किए गए थे। यहीं अवार्ड अब सवालों के घेरे में आ गये है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पुनर्वास अवार्ड प्रक्रिया में कुटरचित दस्तावेजों के आधार पर नाबालिक को बालिक बताया गया है।

### छप्पन भोग के साथ भंडारे का होगा आयोजन

# हनुमान जयंती आज, मंदिरों में होंगे धार्मिक आयोजन



**नलखेड़ा।** हनुमान जयंती पर नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों पर विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। अंजनीलाल को छप्पन भोग के साथ सुंदरकांड एवं भंडारे के कार्यक्रम भी होंगे। आज मंगलवार को हनुमान जयंती पर चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर चोला चढ़ाकर आकर्षक श्रृंगार कर प्रातः 5 बजे आरती, सायं 7.30 बजे छप्पन भोग एवं 8 बजे महाआरती एवं सुंदरकांड के पाठ के पश्चयात महाप्रसादी का वितरण होगा। श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर दोपहर 12 बजे छप्पन भोग लगाकर आरती होगी वही रात्रि 8 बजे महाआरती की जावेगी। सायं 4 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### छप्पन भोग लगाकर महाआरती का आयोजन आज

हनुमान अष्टमी के पावन पर्व पर मां बगलामुखी मंदिर के बाहर स्थित श्री सूर्यमुखी बालवीर हनुमान मंदिर पर अंजनी लाल को छप्पन भोग लगाकर महा आरती का आयोजन होगा। इस अवसर पर विशाल भंडारा एवम भजन कीर्तन का आयोजन दोपहर 12 बजे से रखा गया है। मंगलवार को आज हनुमान अष्टमी के पावन पर्व पर श्री सूर्यमुखी बालवीर हनुमान मंदिर पर विभिन्न धार्मिक आयोजन होगा। पर्व को लेकर मंदिर तथा मंदिर परिसर की साज- सज्जा कर विद्युत रोशनी से जगमगाया गया है। अंजनीलाल का मनोहारी श्रृंगार भी किया गया है। इसी प्रकार श्री पायगा वाले हनुमान मंदिर, श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर, श्री दास हनुमान मंदिर सहित अन्य हनुमान मंदिरों पर भी आरती, हनुमान चालीसा का पाठ, सुंदरकांड जैसे आयोजन होंगे। सभी मंदिरों को पुष्पों से सजाया जा रहा है वही आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही है।

# खुशियां बदली मातम में, कानड़ की बहु की सड़क दुर्घटना में मौत

### 15 मई को बेटे व बेटी की होना थी शादी

**कानड़।** शनिवार की रात 8 बजे कानड़ निवासी पवित्रा पति संतोष मालवीय निवासी अयोध्या बस्ती कानड़ पति के साथ बाइक पर बैठकर दताना मताना शादी समारोह में ( मामेरा लेकर) जा रहे थे। तभी मोहन बड़ोदिया व फर्दखेड़ी के बीच एक पिकअप वाहन जिस पर डीजे रखा हुआ था ने पीछे से बाइक को टक्कर मारी जिससे पवित्रा बाई उम्र 42 वर्ष की मौके पर मौत हो गई। जबकि पति संतोष घायल हो गया। जैसे ही दुर्घटना की खबर कानड़ परिजनों को लगी वही जहा वे शादी में जा रहे थे उस परिवार में भी मातम छा गया। यहां उल्लेखनीय है की 15 मई को पवित्रा बाई के बेटे व बेटी की शादी कानड़ में आयोजित होने वाले 15 मई को आदर्श बलाई समाज के सम्मेलन होने जा रहा था। इधर बेटे के लग्न भी आ चुके थे। इस तरह से खुशी का माहोल मातम में परिवर्तित हो गया। रविवार को कानड़ में पवित्रा बाई का अंतिम संस्कार किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में समाजजन एवं नगर के लोग शामिल हुए।

# उल्लास नव भारत साक्षरता का प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

कानड़ में संकुल स्तरीय उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के लिए एक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में संकुल के सभी शाला प्रधान अध्यापक को आगामी साक्षरता की परीक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला नवभारत साक्षरता समन्वयक मंगलेश सोनी, ब्लाक समन्वयक दामोदर शर्मा , मास्टर ट्रेनर अंतिम खंदार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।इस दौरान जन शिक्षक सतीश सोनी,सुनील शर्मा, राधेश्याम वर्मा,संजय जायसवाल संकुल समन्वयक आनंद कुमार शिंदे उपस्थित थे।प्रशिक्षण में मंगलेश सोनी द्वारा उल्लास नव भारत साक्षरता का सर्वे कैसे करना,अक्षर साथी द्वारा कक्षा का संचालन, आगामी परीक्षा आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



# कार मेकेनिक रफीक की तत्परता से बछड़े को मिला जीवनदान

### तड़पते बछड़े की समय पर इलाज मिलने से बची जान





हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

कार मेकेनिक रफीक की पहल से समय पर उपचार मिलने से गाय के बछड़े की जान बच गई। सोमवार को नगर के आगर सारंगपुर रोड़ पर पचलाना मार्ग के पास एक गाय का बछड़ा जमीन पर गिर कर तड़फड़ा रहा था।

इसी दौरान एक कार मेकेनिक अपनी दूकान खोलने आया तो उसने अपनी दूकान के पास बछड़े को तड़पते देखा और उसे सहारा देकर उठाने की कोशिश की लेकिन बीमार बछड़े को नहीं उठा पाया। तब उसने को पशु चिकित्सक को बुलाकर बछड़े का इलाज करवाया। बछड़े का इलाज होने पर कुछ ही देर में बछड़ा चलने लगा।

### मानवता के नाते कराया इलाज

बछड़े का इलाज करवाने वाले रफीक खा का कहना है कि सुबह जब मैं अपनी दूकान खोलने आया तब मेरी दुकान के पास एक गाय का बछड़ा तड़प रहा था उसे तड़पता देख मुझे अहसास हुआ की बछड़े को उपचार व सेवा की सख्त जरूरत है समय पर उपचार न मिलता, तो बछड़े की जान भी जा सकती है तभी मैंने पशु चिकित्सक को फोन पर सुचना कर बुलाया। डॉक्टर ने आते ही बछड़े का इलाज किया उनके द्वारा उसे इंजेक्शन और बाटल लगाई गई जिसके कुछ देर बाद बछड़ा स्वस्थ होकर चलने लगा।

# प्रमाणित राजनैतिक विज्ञापन ही हो सकेंगे प्रकाशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मध्यप्रदेश के 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में चार चरणों में निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। पहले चरण के छह लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में मतदान सम्पन्न हो चुका है। दूसरे चरण में 6 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 26 अप्रैल को, तीसरे चरण में 9 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 7 मई को और चौथे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 13 मई को मतदान होगा। प्रदेश में सभी चरणों के मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। एमसीएमसी कमेटी से पूर्व प्रमाणित विज्ञापन ही प्रिंट मीडिया में प्रकाशित हो सकेंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के लिये विशेष व्यवस्था दी गई है। नियमानुसार प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए राजनैतिक दल/आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले जिला/राज्यस्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा। पूर्व प्रमाणन के पश्चात ही समाचार पत्रों में ऐसे प्रचार विज्ञापन प्रकाशित किये जा सकेंगे।


**पहले चरण के छह लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में मतदान संपन्न**

### 4 बाइक से सागौन की 9 नग सिल्ली पकड़ी

**सीहोर।** वन परिक्षेत्र अधिकारी लाड़कुई प्रकाशचंद्र उइके ने रिठवाड़ मार्ग पर गश्ती की। इसी दौरान रात्रि के लगभग 12 बजे से सुबह 4.30 बजे तक अलग-अलग स्थान से वाहन आता हुआ दिखाई दिया । गांव भैसान एवं ढाढिया के पास वन अमले के द्वारा घेराबंदी कर दो अलग-अलग स्थान से चार बाइक व 9 नग सागौन की सिल्ली जिसकी कीमत 18414 तथा बाइक जब्त की है।

### बगलामुखी मंदिर के मुख्य पुजारी गोपालदास पंडा ने उपहार किए भेंट

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

क्षेत्रीय भिलाला समाज के तत्वाधान में सोमवार को 17वां श्री भिलाला ठाकुर समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न हुआ। जिसमें शहनाई की गुंज व सात फेरों के साथ 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजनों तथा हजारों की संख्या में मोजूद समाज जनों ने नवदम्पतियों को आशीर्वाद दिया। सोमवार को स्थानीय भैसोदा रोड़ पर श्री भिलाला ठाकुर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। इसे लेकर कई दिनों पूर्व से तैयारियां चल रही थी और समाजजन काफी उत्साहित थे। घरातियों और बरातियों से पूरा विवाह पांडाल भरा हुआ था जहाँ पर वैदिक रीति से मंत्रोच्चार तथा विधि विधान के साथ विवाह को सभी रस्में पूर्ण की गई। सात जन्मों तक साथ रहने के वचनों के साथ 11 जोडे.परिणय सूत्र में बंधे।

### जोड़ो को मिले उपहार

इस विवाह सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी वर वधुओं को आयोजन समिति द्वारा गृहस्थी का समान बर्तन, आलमारी, पंलग, केंपर, पंखे, और कई सामग्री दी गई। वहीं समारोह में भाग लेने हेतु आये समाज जनों व अन्य के द्वारा भी वर वधुओं को उपहार व नगद राशि भेंट भी की गई। सामूहिक विवाह सम्मेलन में मां बगलामुखी मंदिर के मुख्य पुजारी गोपालदास पंडा जी, समाज के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण , गणमान्य नागरिकों के साथ ही बड़ी संख्या में पहुंचे समाज जनों द्वारा नवयुगलों को शुभकामनाएं प्रदान की गई। आयोजन समिति द्वारा सफल आयोजन के लिए सभी का आभार प्रकट किया गया।

### पशुओं के खिलाए हरे चारे

# नवकार सेवा संस्थान ने जीव दया का कार्य किया



**नलखेड़ा।** जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक पर नवकार सेवा संस्थान के द्वारा नगर में घूम रहे पशुओं को चारा खिलाकर जीव दया की गई। महावीर जन्म कल्याणक के उपलक्ष पर जैन समाज की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था नवकार सेवा की महिला सदस्यों द्वारा गायों को चारा खिलाकर जीव दया की गई। नवकार सेवा संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष कई धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में भाग लेकर सेवा के पुनीत कार्य किए जाते हैं।

**खबर संक्षेप**

### मां अन्नपूर्णा मंदिर उज्जैन रोड पर प्याऊ का हुआ शुभारंभ



**देवास।** श्री राजराजेश्वरी जल संस्थान पंच अग्नि अखाड़ा के ब्रह्मऋषि सुदामानंदजी ब्रह्मचारी लाल बाबा महाराज की प्रेरणा से वर्ष 2006 में 10 मटकों से जल सेवा प्रारंभ की गई थी, जो अब 100 मटकों का विशाल जल मंदिर बनकर तैयार हो गया है। अब प्याऊ में मुसाफिरों एवं भक्तों की प्यास बुझाने के लिए 100 मटके रखे गए हैं।प्रतिवर्ष रामनवमी पर नए मटके, वस्त्र, लोटे, झंडा, बैनर आदि भक्तों के सहयोग से व संस्थान के सौजन्य से वर्षभर जल सेवा की जाती है। ब्रह्मऋषि कृष्णानंदजी महाराज ब्रह्मचारी की प्रेरणा से माताजी के भक्तों की प्यास बुझाई जा रही है। इस अवसर पर समाजसेवी ठाकुर मोहनसिंह चंदाना, सीताराम पटेल, सरपंच हुकुम सिंह, राजेश जाट, अंबाराम प्रजापत, ईश्वर महाराज, जयशंकर राठौर, कैलाश शर्मा, संजय जवारिया, श्रीकांत शर्मा, सूरज महाराज, जगदीश भगतजी अचलूखेड़ी, जगदीश हटेसिंह, सुरेश सेठ, रतनलाल, चैनसिंह पवार, ब्रह्मचारी सुबोधानंद महाराज शाजापुर, सुरेंद्र शर्मा उज्जैन, जनक मांडे, मिलन उपाध्याय, विकास गोलू गुरु, लक्ष्य कुंभोर, बाबू आदि उपस्थित थे।

### खातेगांव विधानसभा में 28 अप्रैल से 2 मई तक होगा होम वोटिंग कार्य

# अधिक से अधिक स्वीप गतिविधियों का आयोजन करें: जिंप सीईओ प्रजापति

**समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री प्रजापति ने पेय जल व्यवस्था की समीक्षा कर निर्देश दिये कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी ग्रामों में पेयजल की उपलब्धता की समूचित व्यवस्था करें। पीएचई विभाग को निर्देश दिये कि असफल बोरवेल की जानकारी दें। सीईओ जिला पंचायत प्रजापति ने एनआरसी में भर्ती बच्चों की जानकारी ली। संबंधित एसडीएम को मॉनिटरिंग के निर्देश दिये। जिले में निर्माणाधीन आंगनवाडी केन्द्रों की समीक्षा कर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। प्रजापति ने प्रयास पुस्तक वितरण की जानकारी ली। उपार्जन कार्य की समीक्षा कर भुगतान के संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिले में पूर्ण नल जल योजनाओं का संचालन स्व सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से करायें। प्रजापति ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में सामग्री वितरण और मतदान के दिन स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य सेवाएं दुरूस्त रखें। जिले के ऐसे कर्मचारी जो अन्य संसदीय क्षेत्र के मतदाता है, उनकी जानकारी निर्धारित प्रारूप में विभाग प्रमुख आज ही निर्वाचन कार्यालय को दें। खातेगांव विधानसभा में 28 अप्रैल से 02 मई तक होम वोटिंग का कार्य किया जायेगा। होम वोटिंग के संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते कर लें। देवास, सोनकच्छ, बागली, हाटपीपल्या के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को 23 अप्रैल और खातेगांव विधानसभा के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को 25 अप्रैल को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रजापति ने कहा लोकसभा निर्वाचन-2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिले में अधिक से अधिक स्वीप गतिविधियों का आयोजन करें। मतदान के लिए जिले के नागरिकों को जागरूक करें। जिले में आदर्श मतदान केन्द्रों का चयन कर लें। मतदान केन्द्रों पर सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करें। मतदान दलों का रूट चार्ट तैयार कर लें। जिले में आदर्श आचरण संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित हों, इसका ध्यान रखें। सभी नोडल अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करें।बैठक में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट, एसडीएम देवास बिहारी सिंह, एसडीएम टोंकखुर्द कन्हैयालाल तिलवारी, डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण प्रजापति सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बीजेपी प्रत्याशी सोलंकी ने नामांकन फॉर्म किया जमा

**सीएम मोहन यादव भी रहे उपस्थित**



**देवास।** नामांकन पत्र जमा करते हुए सांसद प्रत्याशी सोलंकी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बीजेपी सांसद प्रत्याशी महेन्द्र सिंह सोलंकी देवास- शाजापुर संसदीय सीट के लिए अपना नामांकन शाजापुर में जमा किया। सोलंकी सोमवार को देवास से शाजापुर के लिए काफिले के साथ रवाना हुए। उन्होंने सीएम मोहन यादव की उपस्थिति में अपना नामांकन फॉर्म जमा किया। रवाना होने के पहले सांसद प्रत्याशी सोलंकी ने केन्द्रीय चुनाव कार्यालय पर भगवान श्रीराम और मां तुलजा भवानी व चामुण्डा देवी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया साथ ही खेड़ापति मंदिर पर पहुंचकर भगवान हनुमान की पूजा अर्चना भी की।स्थानीय विकास नगर चौराहे पर वीर सावरकर प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद हजारों कार्यकर्ताओं के साथ सोलंकी का काफिला शाजापुर रवाना हुआ।नामांकन के पहले मुख्यमंत्री मोहन यादव की विशाल आम सभा भी शाजापर में आयोजित हुई। सीएम मोहन यादव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा 29 लोकसभा सीटें जीतेगी। प्रथम चरण के मध्यप्रदेश में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा सभी सीटें जीत रही है।

भाजपा कार्यकर्ताओं से जो फीड बैक मिला है, उसके आधार पर हम सभी सीटें जीत रहे हैं। देवास संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी महेंद्र सिंह सोलंकी पिछली बार से भी ज्यादा मतों से चुनाव जीतेंगे। भाजपा के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं द्वारा कड़ी मेहनत की जा रही है।नामांकन के दौरान लोकसभा क्षेत्र देवास एवं शाजापुर जिले के भाजपा, मोर्चा, प्रकोष्ठ के समस्त प्रदेश, जिला, मंडल के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, पंच परमेश्वर, बूथ समिति, एवं नागरिक गण, युवा और मातृ शक्ति उपस्थित रही।

# छात्राओं ने उत्सुकता से सुना कनाडा सफरनामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नियाग्रा जलप्रपात, हवाई यात्रा, कनाडा में बाग रसोई, मैराथन में जीतना, कनाडा की स्वच्छता, अनुशासन व पहले आप की संस्कृति के साथ वहां की विशालता को पर्यटन पर केंद्रित कार्यक्रम में पर्यटन प्रेमी लेखक मोहन वर्मा ने इस तरह व्यक्त किया कि जैसे हॉल में बैठी सभी छात्राएं भी ऐसा महसूस कर रही थी कि वे खुद कनाडा की यात्रा कर रही हो।

अवसर था महारानी चिमनाबाई हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित समर केम्प का आज के दिन का, विषय था पर्यटन। मुख्य अतिथि के रूप में लेखक, पत्रकार, समाजसेवी और पर्यटन के शौकीन मोहन वर्मा तथा पूर्व प्राचार्य विजय श्रीवास्तव कार्यक्रम में उपस्थित थे। वर्मा ने छात्राओं को बताया कि एक विकासशील देश और विकसित देश में क्या और कैसा अंतर होता है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 2047 तक देश को विकसित देश बनाने के संकल्प में सरकार और व्यवस्था के साथ नागरिकों की सहभागिता कितनी जरूरी हैं। विजय श्रीवास्तव ने भी अपनी देश व ऑस्ट्रेलिया विदेश यात्रा के साथ साथ अपने जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों की समग्र जानकारी भी बालिकाओं को दी और बालिकाओं से कहा कि वे जब भी समय मिले अपने शहर,जिले और अन्य जगहों को देखें और सीखें।इस अवसर पर लेखक मोहन वर्मा ने अपनी प्रकाशित छह पुस्तकों का सेट विद्यालय प्राचार्य रुचि व्यास व पुस्तकालय प्रभारी एकता श्रीवास्तव को छात्राओं के लिए भेंट की। अतिथियों का स्वागत सीमा कानूनगो तथा रामकली मेहरा ने किया । कार्यक्रम का सफल संचालन अर्चना डोडवे ने किया व आभार भावना उपाध्याय ने माना। इस अवसर पर आदिल पठान, संजय जोशी, वेदना चौधरी, स्नेहलता वर्मा, श्रमिता नामदेव, वंदना जोशी व अनेक छात्राएं उपस्थित थे ।

# एस्कॉर्ट जूनियर कॉलेज देवास के विद्यार्थियों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




प्रतिभा ग्लोबल ग्रुप ऑफ स्कूल्स इकाई एस्कॉर्ट जूनियर कॉलेज देवास के विद्यार्थियों ने सयाजी चौराहा देवास में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान जागरूकता को लेकर अभियान चलाया। इस अभियान में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने आम लोगों से हस्ताक्षर लिये और मतदान करने की अपील की। इस अभियान में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इन सभी छात्रों ने लोकतंत्र के महापर्व में जन जागरूकता के लिए काम किया। देवास में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के मकसद से जिला प्रशासन लगातार कई तरह के अभियान चला रहा है। इसलिए प्रतिभा ग्लोबल ग्रुप ऑफ स्कूल्स इकाई एस्कॉर्ट जूनियर कॉलेज देवास के विद्यार्थियों ने मतदान को लेकर एक अभियान चलाया, ताकि देवास मतदान प्रतिशत में नंबर वन आए।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक इं. सुप्रभात चौकसे ने कहा कि छात्र राष्ट्र का भविष्य हैं और यदि वे जिम्मेदार हैं तो आने वाले वर्षों में राष्ट्र हमेशा प्रगति करेगा। और इस अभियान से हमने देखा कि प्रतिभा ग्लोबल ग्रुप ऑफ स्कूल्स इकाई एस्कॉर्ट जूनियर कॉलेज देवास के छात्र अधिक जिम्मेदार बन रहे हैं और भारतीय मूल्यों को सीख रहे हैं। उक्त जानकारी रोहित गुप्ते, प्र. उप प्राचार्य पीजीएस. ने दी तथा आभार प्रधानाचार्या अम्बिका त्रिवेदी ने माना।

### हनुमान जन्मोत्सव पर भगवा ध्वज यात्रा व महाआरती आज

**देवास।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री स्वामी विवेकानंद युवा एवं सामाजिक संस्था के तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य भगवा ध्वज यात्रा एवं महाआरती का आयोजन होने जा रहा है। यात्रा संयोजक एवं संस्था जिलाध्यक्ष भोजराज सिंह ठाकुर ने बताया कि सर्व हिन्दू समाज जनों के सहयोग से निकलने वाली भगवा यात्रा आज 23 अप्रैल, मंगलवार को शाम 5.30 बजे सिविल लाईन थाना के पास स्थित संकट मोचन बाल हनुमान मंदिर, कुबेर नगर से प्रारंभ होगी। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए निकलेगी। यात्रा पश्चात महाआरती होगी।

### सुने मकान में हुई चोरी

**देवास।** शहर के बीच सूना मकान देख अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मकान मालिक परिवार सहित बांसवाड़ा के समीप मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में गए थे। सूना मकान देख अज्ञात चोर घर में घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरी होने की जानकारी मिलते ही परिवार वापस देवास पहुंचा उन्होनें बताया कि नगदी और ज्वेलरी घर पर नहीं थे। इसलिए चोरों के हाथ नहीं लगे, अज्ञात चोर सीसीटीवी का डीवीआर सहित फाइबर व सेटअप बॉक्स ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मनीष शाह निवासी तिलक नगर परिवार के साथ रहते हैं। वह एक निजी कंपनी में कार्यरत है। वह 19 अप्रैल को बांसवाड़ा के समीप मोटा गांव में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए परिवार के साथ गए थे। सूचना मिलने पर मनीष शाह ने उनके रिश्तेदार को सूचना दी जिस पर वे घर पर पहुंचे, उन्होनें इसकी सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# इनरवील क्लब ने किया किन्नरों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शास्त्रों में किन्नरों को समाज का महत्वपूर्ण वर्ग बताया गया है। इनके आशीर्वाद से परिवार फलते-फूलते हैं इसलिए किन्नरों का सम्मान करना चाहिए।

इसी को देखते हुए क्लब ने इस वर्ग का सम्मान कर समाज से जोड़ने का प्रयास किया है। क्लब के सदस्यों ने उनके निज निवास पर जाकर जया कुंवर, रवीना कुंवर, डॉली कुंवर, बुलबुल कुंवर, सोनिया कुंवर, बड़ी दादीजी आदि का सम्मान दुशाला देकर सम्मानित किया और किराना सामग्री उपहार के रूप में देकर सभी ने आशिर्वाद लिया। अध्यक्ष प्रज्ञा कानूनगो ने किन्नरों के महत्त्व के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर क्लब से मीना वर्मा, मेघा शर्मा, अंजना त्यागी, चंद्रकांता शर्मा, मनीषा पांचाल, कुसुम वागड़े, निर्मला डसानिया, पुष्पा शर्मा, गीता मूंदड़ा, सुनीता जैन, मोनिका जैन, मंजुला झवर, नियति जैन उपस्थित थे।

**श्रीराम कथा के समापन पर विधायक पवार सहित शहर के गणमान्य नागरिक रहे उपस्थित**

# राम द्रोही और देश द्रोही चराचर में क्षमा के पात्र नहीं: साध्वी सत्यप्रिया





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भगवान से प्रीति ऐसी होना चाहिए जैसे मेले में मां बिछड़ जाए तो बच्चे को मेले की सब वस्तु अप्रिय लगती है, उसे सिर्फ मां चाहिए। संसार में ऐसी प्रीत प्रभु के प्रति हो तो उस पर प्रभु की कृपा सुनिश्चित होती है। राम कथा में आपने जयंत का वर्णन करते हुए कहा कि माता सीता के पैरों पर चोंच मारने के कारण उसे ब्रह्माण्ड में किसी भी देवता ने शरण नहीं दी।

आखिर में प्रभु राम ने उसे क्षमा किया। राम द्रोही और देश द्रोही चराचर में क्षमा के पात्र नहीं है। यह विचार चैत्री नवरात्रि पर कैलादेवी मंदिर में हो रही श्रीराम कथा के विश्रांति दिवस पर साध्वी सत्यप्रिया ने व्यक्त करते हुए कहा कि जीव जगत पर नहीं जगदीश्वर पर संदेह करता है। संसार में जिसे भी जगदीश्वर पर संदेह हो उसे गुरू चरण में जाकर सही मार्ग मिल सकता है।

आपने कहा कि वर्तमान में नारियों के स्वरूप को देखकर लगता है हमारी संस्कृति विनाश की और जा रही है, जिसके परिवार में संस्कार और संस्कृति नहीं है वह परिवार हमेशा दुखी रहता है। हमारा शरीर पंचवटी हैं इस पंचतत्व में जब ज्ञान, भक्ति और वैराग्य का समावेश हो जाए तो यह पंचतत्व से बना हमारा शरीर पवित्र होकर भक्ति की चेतना को जागृत कर पाएगा। रामदास हनुमान जी से मिलन का बहुत ही सुंदर चित्रण करते हुए आपने कहा कि हनुमान जी कलयुग के देवता है। जिस घर में प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ और शनिवार को सुंदरकांड होता है उस घर में वास्तु दोष दूर होने के साथ साथ हनुमान जी की सदैव कृपा रहती है। हनुमान जी द्वारा माता सीता का पता लगाना, लंका पहुंच कर रावण के अहंकार को नष्ट करने का वर्णन, राम रावण युद्ध का वर्णन करते हुए, मानस की चौपाई के साथ अनेक प्रसंगो का सजीव चित्रण किया।

राम राज्य तिलक की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई। कथा में बतौर अतिथि देवास विधायक गायत्री राजे पवार, भाजपा नेता बहादुर मुकाती, भरत चौधरी, गणेश पटेल, श्रीराम शरणम के प्रवचनकार इंदरसिंह नागर, लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र मालवीय, चंद्रपालसिंह सोलंकी, अजय अग्रवाल, पीएन तिवारी, मनोहर कराड़ा, राजेश पटेल, वीणा महाजन, मधु शर्मा, मिथलेश सोनी, मोहन श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में महिल पुरूष उपस्थित थे। व्यासपीठ की पूजा मन्नुलाल गर्ग, दीपक गर्ग, अनामिका गर्ग, हितेष गर्ग, प्राची गर्ग, देवकृष्ण व्यास, रमण शर्मा, राम बाबू शर्मा, मोहन श्रीवास्तव, गरिमा श्रीवास्तव, आदि ने की। कथा का संचालन चेतन उपाध्याय ने किया तथा दुर्गेश अग्रवाल ने नगर की ओर से कथा संयोजक रायसिंह सेंधव ने समिति की ओर से तथा जयेश गर्ग ने परिवार की और से आभार माना।

# पृथ्वी दिवस: सेन थॉम अकादमी में 'प्लास्टिक बनाम प्लेनेट'




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड, देवास के सभी छात्रों को 'पृथ्वी दिवस' के अवसर पर 'धरती माता' के महत्व और इसे स्वस्थ रखने के तरीके के बारे में जानकारी दी गई।तीसरी कक्षा के छात्रों द्वारा एक विशेष सभा का आयोजन किया गया और प्राथमिक छात्रों द्वारा 'पृथ्वी बचाओ' विषय पर एक नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी गई जिन्हें वे ग्रह को बचाने के लिए आसानी सेअपने दैनिक जीवन मेंअपना सकते हैं। कई अन्य गतिविधियाँ जैसे पोस्टर बनाना, प्रकृति की मदद के लिए 'क्या करें और क्या न करें'इस विषय पर पांच बिंदुओं को लिखना आदि ने छात्रों को एक बेहतरपर्यावरण बनाने में उनकी भूमिका को समझने में मदद की। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पृथ्वी को बचाने में अपनी जिम्मेदारी समझने और उठाने के लिए प्रेरित किया।

खबर संक्षेप

## नरवाई जलाने से फसल उत्पादन में कमी आती है

**सीहोर।** किसानों द्वारा गेंहूँ फसल की कटाई का कार्य बढी तेजी से जारी है। किसानों से कृषि विभाग ने आग्रह किया है कि किसान गेंहूँ की नरवाई नही जलाये। इसके लिए प्रशासन द्वारा पूर्व से ही गेंहूँ की नरवाई जलाये जाना प्रतिबंधित किया गया हे। किसान गेंहू फसल के ठूठ नरवाई को जलाने से खेत की उर्वरक क्षमता में कमी आती है। गेंहूँ की नरवाई को रोटेवेटर की सहायता से खेत की मिटटी में मिलाये इससे नरवाई मिटटी में मिलाने से देशी खाद का काम करता है और फसल के उत्पादन में वृद्धि होती है। कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर किसान भाई को नरवाई न जलाने की सलाह एवं समझाइश निरंतर दी जा रही है। उप संचालक कृषि ने बताया कि विभाग के अधिकारी अपने निरन्तर भ्रमण के दौरान किसानों को समझाइश दे रहे है कि किसान अपने खेत की नरबाई नही जलाये और नरवाई नही जलाने के फयदे बता रहे है। किसान अपने खेत की नरवाई जलाने के स्थान पर रोटेवेटर चलाकर नरवाई खेत की मिटटी में मिलाये नरवाई मिटटी में मिला देने से खाद का काम करता है। किसान खेती को लाभ का धंधा बनाने के गेहूं के नरवाई को जलाने की बजाय उसे खेतों की मिट्टी में ही मिला दिया जाए जिससे खेत में फसलों को नुकसान भी नहीं होगा और फसल की पैदावार भी अच्छी होगी।

### महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर मुनि संघ के सानिध्य में विशाल शोभायात्रा निकाली

# भगवान महावीर के सिद्धांतों पर अमल करके अनेकों ने अपना जीवन सार्थक किया: मुनि सागर महाराज

पूरे भारत में भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव 21 अप्रैल को बड़े ही धूमधाम व उत्साह पूर्वक मनाया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा






वर्तमान शासन नायक जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी ने अपने जीवन की सार्थकता के लिए पंचशील का सिद्धांत दिया था। जिसमें अहिंसा,सत्य,अचौर्य,अपरिग्रह एवं ब्रह्मचर्य। आपके दिए गए सिद्धांतों पर अमल करके अनेक लोगों ने अपने मानव जीवन को सार्थक किया।

वहीं लोगों को जियो और जीने दो का अमर संदेश दिया। भगवान महावीर स्वामी ने लोगों को अपने जीवन को सुगम और सरल बनाने के लिए संयम ,दान, नियंत्रण, त्याग,श्रम स्वावलंबन तथा व्यसन मुक्त जीवन जीने को कहा। सांसारिक क्षेत्र में लौकिक शिक्षा और डिग्री महत्वपूर्ण हो सकती है, लेकिन अगर ज्ञान आचरण में दिखाई नहीं दे तो इन डिग्रियों का कोई महत्व नहीं और ना ही ज्ञान का कोई अर्थ है।

उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महा महोत्सव के पश्चात आशीष वचन देते हुए पूज्यनीय गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने कहीं। उक्त भव्य समारोह की जानकारी देते हुए समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि मुनिश्री ने कहा अंतिम प्रभु का जन्म और निर्वाण अन्यत्र हुआ है। कुंडलपुर में जन्म और पावापुरी से मोक्ष निर्वाण हुआ।मुझे भगवान की स्थली पर जाने का अवसर नहीं मिला। पूरे भारत में भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव 21 अप्रैल को बड़े ही धूमधाम व उत्साह पूर्वक मनाया गया है।यह दुर्भाग्य है कि भगवान महावीर स्वामी को तो मानते हैं, लेकिन उनकी बातों व सिद्धांतों को नहीं।श्री गंगवाल ने बताया कि जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन दिवस पर दिगंबर जैन समाज द्वारा समाधि सम्राट मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के मुनि संघ के पावन सानिध्य में 21 अप्रैल को गाजे-बाजे के साथ सुबह 8 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कदम-कदम पर मुनिश्री मौन सागर महाराज के पग प्रक्षालन किए गए। समाज जनों द्वारा महावीर स्वामी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आरती उतार कर श्रीफल अर्पित किया गया। भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर परम पूज्य वात्सल्य भाव के धनी समाधि सम्राट मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि मौन सागर महाराज ससंघ सानिध्य में भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा रजत पालकी में विराजमान कर शोभायात्रा निकाली गई । किला मंदिर से प्रारंभ होकर शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो रांका गली, बुधवारा,गल चौराहा से मानस भवन परिसर में पहुंची। वहां पर अभिषेक,पूजा- अर्चना की गई। भगवान महावीर स्वामी के अभिषेक के लाभार्थी राजेश कुमार -मयूर कुमार जैन इंजीनियर रहे। वहीं पूजा अर्चना के लाभार्थी रमेश कुमार ,सौरभ जैन इंजीनियर रहे। शोभायात्रा में स्वर्ण एवं रजत कलशों को अपने मस्तिष्क पर रखकर लाभार्थी परिवार की महिलाएं चल रही थी। स्वर्ण कलश के लाभार्थी अंशुल दिलीप जैन,रजत कलशों के लाभार्थी विजय -राजमल जैन, राजेश -सनी जैन, प्रकाश -कमल जैन रहे। किला मंदिर पर अभिषेक संजय -संदीप जैन चायघर, पूजन मुकेश - मैहूल बडजात्या लाभार्थी रहे।शोभायात्रा मानस भवन से सुभाष चौक,गंज चौराहा, सिकंदर बाजार, बड़ा बाजार, भवानी चौक से किला मंदिर पहुंची।वहां पर पूज्य मुनि सागर महाराज के आशीष वचन हुए। प्रभावना के लाभार्थी वर्षो पुरानी परम्परा अनुसार राजेंद्र,नयन, अंकित जैन वर्धमान परिवार रहा।किला मंदिर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षद रवि शर्मा , तेजसिंह राठौर उपस्थित थे।



## गौ माताओं को पिलाया गुड़ का पानी



**आष्टा।** जैन धर्म के चौबीस वे तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के अवसर पर आष्टा नगर में संचालित मां पार्वती धाम गो शाला आष्टा पर श्री आदि जिन युवक चेरी टेबल ट्रस्ट मुंबई की ओर से समस्त गो माताओं को 81किलो गुड़ का पानी पिलाया गया। श्री आदि जिन युवक ट्रस्ट से श्री हितेश भाई संघवी नंद प्रभा परिवार वालो ने मां पार्वती धाम गो शाला के विशेष सहीयोगी विपिन सिंघवी को दो दिन पूर्व ही बतला दिया था की आप के वहा जितनी भी गो माताएं हे सभी को प्रभु श्री महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याणक के दिन गुड़ का पानी पिलाना हे जिसको विपिन सिंघवी, बंटी मालू ,विपिन बनवट, अध्यक्ष मां पार्वती धाम गो शाला के नरेंद्र कुशवाह, गोरेलाल जी परमार के सहियोग से पिलाया गया।

## सूरज के तेवर कर रहे परेशान गर्मी और उमस ने किया बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



दिन प्रतिदिन गर्मी के तेवर तीखे होते जा रहे हैं शनिवार और रविवार को उमस से लोगों का जीना बेहाल हो गया सुबह आसमान में हल्के बादल छाए रहे दिन में धूप व बादलों के बीच लुका छुपी का खेल चलता रहा धूप निकलने से उमस का एहसास किया गया बादलों को देखकर किसानों की परेशानी बढ़ गई दिन चढ़ने के बाद साथ ही तेज धूप व उमस से हर कोई परेशान दिखाई दिया लोग छांव की तलाश करते रहे दोपहर में जरूरी काम से ही लोग बाहर निकले सर पर गमछा वह टोपी रखने के साथ पानी की बोतल लेना नहीं भूले बीच-बीच में बिजली के गुल हो जाने से समस्या और भी बढ़ गई थी गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की भी कटौती शुरू हो गई थी सुबह से ही बार-बार बिजली के काटने से लोग काफी परेशान नजर आए खासकर घरों में कैद महिलाओं को काफी परेशानी उठानी पड़ी उमस के कारण अंदर आराम मिल रहा था और ना ही घर के बाहर में प्रमुख बाजार व सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा मजबूरी में घर से निकलने वाले लोग रूमाल लिया व तोलिया से चेहरा ढंककर ही सड़कों पर आए करीब 10 दिन की तेज हवा आंधी बारिश के बाद तीन दिन से मौसम फिर तीखा होता जा रहा है शनिवार रविवार को अधिकतम तापमान रहा।

## 'लोकतंत्र को मजबूत बनाने शत प्रतिशत मतदान आवश्यक है'



**जावर।** सिलवानी- विद्या भारती मध्य भारत प्रांत भोपाल द्वारा मार्गदर्शित भोजपुर ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला रायसेन द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मन्दिर बम्हौरी कस्बा तहसील सिलवानी जिला रायसेन ने वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा उत्सव मनाया। छात्रों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए पर्यावरण विषय के प्रांतीय संयोजक मीडिया प्रभारी एवं जिला प्रमुख राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने कक्षा में प्रथम, द्वतीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्रों, अभिभावकों को बधाई शुभकामनाएं दी। आगे उन्होंने कहा कि पढ़ लिख कर छात्र अपने विद्यालय ग्राम-नगर और देश का नाम रोशन करें। एक अच्छे नागरिक बनकर समाज में जागरूकता पैदा करें। कक्षा में अधिक अंक प्राप्त करना ही योग्यता का पैमाना नहीं है। कम अंक प्राप्त कर आगे लगन एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ मेहनत करके भी उच्च स्थान प्राप्त किया जा सकता है। इस लिए जिनके कम अंक आएं हैं वह निराश न हों वल्कि समय नियोजन के साथ अच्छी पढ़ाई करें और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सामाजिक समरसता संस्कृति स्वावलंबन संस्कार स्वच्छता अभियान में सहभागी बनें। आगे अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हम सभी को मिलकर शत-प्रतिशत मतदान अवश्य करना है। एक -एक बोट कीमती है इसलिए आपसे आग्रह है कि देशहित में मतदान करें, शत-प्रतिशत मतदान करना आवश्यक है।इन छात्रों ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है - प्रभा कुर्मी, मयूरी रजक, भूपेन्द्र सिंह,नमन लोधी,दीक्षा गौर, कृष्णा मालवीय, रितिका कोरी। दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र -भावना, भूमि, नीलम, भूपेन्द्र गौर,नैनशी लोधी, हर्षिता लोधी, कृष्णा सोनी,इशिका साहू। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेमनारायण लोधी ,आचार्य परिवार संयोजक मंडल एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## हनुमान फाटक मंदिर में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के कस्बा स्थित प्राचीन हनुमान फाटक मंदिर में शनिवार को तीन दिवसीय एकादशी व्रत उद्यापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। भूषण पंडित रवि शंकर तिवारी के सानिध्य में तृतीय वर्ष में सफल आयोजन किया गया। एकादशी व्रत धारी श्रद्धालु जनों का विधि विधान से पंडित रविशंकर तिवारी के द्वारा एकादशी उद्यापन संपन्न कराया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम गुरुवार भगवान हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया। एकादशी व्रतधारी श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना पूर्ति के लिए विशेष अनुष्ठान किया गया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सीहोर सहित आसपास के शहरों नगरों गांव के श्रद्धालु जन समलित रहे।

## आठ साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार



**आष्टा।** अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय आष्टा के st. No.254/13 धारा 365 342 34 मैं जारी 08 वर्ष से फरार स्थाई गिरफ्तारी वारंटी रामेश्वर उर्फ हीरो पिता कनीराम दान्गी उम्र 45 निवासी ग्राम मोलटा केवडी थाना अवंतीपुर बडोदिया जिला शाहजहांपुर को गिरफ्तार किया सराहनीय योगदान थाना प्रभारी पार्वती उप निरीक्षक चिन्मय मिश्रा सहायक उप निरीक्षक अशोक श्रीवास्तव आरक्षक राजकुमार कैल्मोदिया महिला आरक्षक रंजना परमार आरक्षक सचिन कालेन आरक्षक गोपाल प्रजापति का रहा।

## लकुमडी में तीन जिलों के मध्य स्थित मंदिर में विराजमान हैं शनि देव



**जावर।** जावर तहसील से लगभग 20 किलोमीटर दूर सीहोर देवास एवं शाजापुर के मध्य स्थित ग्राम लकुमडी मैं शनि देव की क्षेत्र में काफी अधिक मानता है हर शनिवार को हजारों श्रद्धालु शनि देव के दर्शन के लिए यहां आते हैं एवं मनोकामनाएं मांगते हैं भगवान शनिदेव भी सभी की मनोकामनाएं पूर्ण ही करते हैं शनिवार को यहां पर सुबह 5 बजे से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं का दौर चलता रहता है इस दौरान दोपहर 12 बजे शनिदेव की आरती कर प्रसाद का वितरण किया जाता है शनिदेव जी को न्याय के देवता कहा जाता है ऐसा माना जाता है कि हर शनिवार को शनि देव के दर्शन व पूजा करने से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं लकुमडी पहुंच कर न्याय के देवता शनिदेव के दर्शन किए तथा तेल काला कपड़ा व नारियल चढ़ाकर मनोकामनाएं मांगते हैं जावर तहसील के समीप तीन जिलों के मध्य स्थित ग्राम लकुमडी मैं शनिदेव के दर्शन के लिए क्षेत्र के भक्तों का मेला लगा रहता है।

### माह के प्रथम रविवार को परिचय सम्मेलन भी आयोजित किया जा रहा है

# भेदभाव छोड़ कर समाज को आगे बढ़ाना है: योगेश मानसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



वर्तमान दौर परिवर्तन का है जीवन के हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है बदलाव के इस युग मे समाज को आगे बढ़ाने के लिये हमें खुले दिल दिमाग से नवाचार को अपनाना होगा यह बात हमेशा ध्यान रखें कि अगड़ा या पिछड़ा वर्ग कुछ नही होता आदमी की मानसिकता अगड़ी या पिछड़ी हो सकती है हमे जमाने के साथ आगे बढ़ने के लिए आपसी मतभेद को छोड़ कर काम करना होगा। कुशवाह समाज के बच्चों महिलाओं और युवाओं को शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिये समुचित प्रोत्साहन की जरूरत है हमे यही काम निष्ठा से करना चाहिए यह बात कुशवाह समाज के प्रांतीय अध्यक्ष योगेश मानसिंह ने शनिवार को स्थानीय समाजजन से चर्चा करते हुए कही । उन्होंने समाज मे व्याप्त कुरूतियों को खत्म करने के लिये युवा वर्ग को आगे आने की बात कहते हुए जिला कुशवाह समाज के अध्यक्ष तथा पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाह द्वारा सामाजिक चेतना के लिए किए जा रहे प्रयासों की तारीफ की ।

समाज के जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह ने जानकारी दी कि स्थानीय संगठन द्वारा समाज के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन पुरुस्कार के साथ ही समय समय पर प्रशस्ति पत्रक संवेदना पत्रक और बधाई पत्रक दे कर सभी के सुख दुख में शामिल होने का प्रयास किया जा रहा है । नरेंद्र कुशवाह ने बताया कि हर महिने के प्रथम रविवार को विवाह योग्य युवक युवतियों के परिचय सम्मेलन भी आयोजित किया जा रहा है । प्रांतीय अध्यक्ष योगेश मानसिंह ने इस पर खुशी का इजहार करते हुए अनेक सामाजिक मुद्दों पर भी उपस्थित जन से चर्चा की । नरेंद्र कुशवाह सहित सभी वरिष्ठ जन ने प्रांतीय अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया ।

इस अवसर पर जिला युवा संगठन अध्यक्ष रवि कुशवाहा,तहसील स्तरीय अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा, कुशवाहा समाज पटेल दलकिशोर कुशवाहा,प्रांतीय कुशवाह समाज युवा संगठन उपाध्यक्ष गोपाल कुशवाहा, कार्यालय प्रभारी अमरचंद कुशवाहा पटेल, उपाध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा मामा, शुभम कुशवाहा, ऋषिकुशवाह, हंसराज कुशवाहा(आढ़तियां), खेमचंद कुशवाहा, लव कुश जयंती के पूर्व अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा,मोहनलाल कुशवाहा पूर्व सरपंच, कुशवाहा समाज पूर्व अध्यक्ष भेरूलाल कुशवाहा, कैलाश कुशवाहा, बंटी कुशवाह, सुशील कुशवाहा, आदि उपस्थित थे ।

## आष्टा के 336 शालाओं में आयोजित की गई बाल चौपाल



**आष्टा।** एफएलएन कार्यक्रम के अंतर्गत अप्रैल माह मासिक समीक्षा बैठक योजनानुसार जनपद शिक्षा केंद्र आष्टा के 14 जनशिक्षा केंद्र के सभी 336 शालाओं में दिनांक 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक एफ.एल.एन. बाल चौपाल का आयोजन किया गया । एफएलएन बाल चौपाल आयोजन का मुख्य उद्देश्य पालकों और बच्चों के साथ मिलकर छोटी-छोटी बाल गतिविधियों एवं खेल का आयोजन कर पालकों को जागरूक करना, जिससे पालकों द्वारा घर पर बच्चों के शैक्षणिक कार्य में सहयोग किया जा सके एवं बच्चों को नियमित शाला भेजें। चौपाल के दौरान सभी शालाओं में शिक्षकों द्वारा पालक एवं बच्चों के साथ मिलकर शब्दों की अंताक्षरी, मन पसंद कहानी पढ़कर खोजकर पढ़ना, मेरा अखबार, बोलो भाई कितने, आकृतियों का खेल, एवं कितने कदम की रेखा खेल गतिविधि किये गये । एफ.एल.एन. बाल चौपाल कार्यक्रम को बेहतर बनाने एवं सभी शालाओं में योजनानुसार आयोजन हो सके इसके लिए मिशन अंकुर टीम, बी.आर.सी टीम एवं सभी जन शिक्षकों द्वारा सक्रिय सहभागिता की गई ।

### माचलपुर के डूंगरी गांव में इकलेरा से आई थी बारात, एक साथ उठी सात अर्थियां

# मातम में तब्दील हुई शादी की खुशियां, इकलेरा के 9 बारातियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏩ राजगढ़

राजगढ़ के माचलपुर क्षेत्र के डूंगरी गांव में आई एक बारात के लौटते समय भयंकर हादसा हो गया। रात्रि को बारात में नाचकर इकलेरा लौट रहे बारातियों की वैन में एक ट्राले ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन की परखच्चे उड गए और उसमें सवार सात दोस्तों सहित 9 लोगों की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार माचलपुर क्षेत्र के डूंगरी गांव में शनिवार-रविवार की रात्रि बागरी परिवार में दुल्हन आषा बागरी की शादी थी। राजस्थान के झालावाड़ जिले के इकलेरा से आई बारात में शामिल लोग रात को ही वापस लौट रहे थे। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 पर राजस्थान सीमा में पचोला मार्ग बारातियों से भरी वैन में ट्राले ने जबर्दस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि 4 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया वहीं 5 की अस्पताल ले जाते समय एवं इलाज के दौरान मौत हो गई।

## इधर चल रहे थे फेरे, उधर 9 बाराती गुजरे

सभी बाराती रात में नाच-गाकर वापस लौट रहे थे। दूल्हा-दुल्हन व परिवारजन डूंगरी में ही थे जहां विवाह की रस्में चल रही थीं। इधर, विवाह की रस्में चल रही थीं और उधर बारातियों से भरी वैन में डंपर ने टक्कर मारी जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई।

इकलेरा थाना प्रभारी अजय बिष्णोई ने बताया कि दुर्घटना इकलेरा थाने से करीब 5 किमी दूर हाईवे पर हुई है। हादसा इतना भीषण था कि मृतकों की पहचान में भी बड़ी मुष्किल हुई। हादसे में अषोक कुमार(24) पुत्र घनष्याम बागरी, रोहित(16) पुत्र नंदकिषोर बागरी, हेमराज(33) पुत्र बंषीलाल बागरी, सोनू(22) पुत्र मोहनलाल बागरी, दीपक(24) पुत्र जयलाल बागरी, रविषंकर(25) पुत्र प्रेमचंद बागरी, रोहित(22) पुत्र जगदीष बागरी, रामकृष्ण(25) पुत्र प्रेमचंद, राहुल पुत्र हेमचंद निवासी सारोला की मौत हुई है।

## रात को बारात में खूब नाचे थे सभी दोस्त, कुछ घंटे बाद 7 की थमी सांसें








### दुल्हन के घर पसरा मातम

डूंगरी गांव के जिस घर में शनिवार रात बारात आई थी और शहनाईयां बज रही थीं उसी घर में रविवार को मातम पसरा देखा गयां डूंगरी गांव के संजय बागरी के घर तोरण लगा हुआ है और मातम पसरा हुआ नजर आया। दुल्हन आषा के ताऊजी भंवरलाल बागरी ने बताया कि उनकी भतीजी आषा(19) की शादी इकलेरा के विजय बागरी से हुई। शनिवार को करीब एक सैकड़ा बाराती पहुंचे थे और जष्न का माहौल था। गांव के बाहर ही टेंट लगवाकर बारात ठहराई गई। रात्रि 9, 10 बजे सभी को खाना खिलाया गया।

रात करीब 11 बजेडीजे पर सभी बारातियों ने खूब नाचा-गाया। रात्रि 2 बजे 10 दोस्त फेरे के दौरान वापस लौट गए। घाटोली और इकलेरा के बीच इन्हीं दोस्तों की वैन ट्राले से जा टकराई जिसमें से 8 लोग खत्म हो गए हैं।

### इकलेरा में एक साथ उठीं 7 अर्थियां तो नम हुई हर आंख

रविवार दोपहर दुर्दांत हादसे में मृत 9 में से 7 दोस्तों की अर्थियां इकलेरा में एकसाथ हुई। यह गमगीन नजारा देखकर हर आंख नम हो उठी।

# ट्रक व मोटरसाइकिल में टक्कर, एक की मौत




हरिभूमि न्यूज ⏩ इकलेरा

भारतगैस की खाली टंकी से भरा ट्रक एवं मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर मोटरसाइकिल सवार दो मालूम पड़ा है कि दो में से एक की मृत्यु और एक घायल घायल की खबरपुलिस चैकी प्रभारी इकलेरा जितेंद्र सिंह चैहान एवं आरक्षक बनवारी गुर्जर को मिलते ही तुरंत 108 की मदद से घायलों को तलेन हॉस्पिटल पहुंचाया गया। बताया जाता है कि यह ट्रक शाजापुर से पीलूखेड़ी प्लांट की ओर एक भारत गैस कंपनीकी खाली टंकी से लोडिंग ट्रक के नंबर एमपी 2777भारत गैस की खाली टंकी से भरा हुआ ट्रक कुरावर पीलू खेड़ी प्लांट पर जा रहा था जानकारी मिलने पर पता चला कि यह ट्रकशाजापुर शिव शक्ति भारत गैस एजेंसी का है जोकी गैस की खाली टंकी लेकर जा रहा था जो की इकलेरा से आगे कुरावर रोड मोड पर मोटरसाइकिल में टक्कर मारते हुए ट्रक एक खेत में पलटी खाते ही ट्रक ड्राइवर कूद कर भाग गयामोटरसाइकिल सवार की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### एसएसटी चेकिंग पाइंट पर सारंगपुर पुलिस ने बस समेत पटाखे किए जब्त

# यात्री बस की छत पर अवैध रुप से रखे थे 280 किलो पटाखे

हरिभूमि न्यूज ⏩ सारंगपुर

सीहोर से सारंगपुर आई बालाजी बस कि छत से सारंगपुर तहसीलदार मनोज कुमार शर्मा एवं सारंगपुर पुलिस और प्रशासन की एसएसटी टीम ने काछीखेड़ी चेकिंग पाइंट पर अवैध रुप से रखे 280 किलो पटाखे जप्त किए है। पटवारी कुलदीप सोनगरा के आवेदन पर सारंगपुर पुलिस ने बस कंडक्टर सहित पटाखा व्यवसाई पर प्रकरण दर्ज किया है।

सारंगपुर थाना प्रभारी संतोष सिंह वाघेला ने बताया कि शनिवार शाम को एसएसटी टीम ने काछी खेड़ी पाइंट पर चेकिंग के दौरान सीहोर से सारंगपुर आ रही बालाजी बस सर्विस कि एमपी 10 पी 1021 कि छत से अवैध रुप से सारंगपुर आ रहे 280 किलो विस्फोटक बरामद किया है। घटना में बस रुकवाकर बस कंडक्टर अखलाक पिता गनी खां निवासी सारंगपुर से पूछताछ कि गयी तो उसने बताया कि कार्टून मे जूते रखे हुए है। लेकिन बिल बिल्टी प्रस्तुत नहीं करने पर संदिग्ध अवस्था मे चेकिंग कि गई तो कार्टूनो मे पटाखे भरे हुए मिले। कार्टून मालिक शब्बीर हुसैन पिता अब्बास अली को मौके पर बुलाया गया और पूछताछ मे बिल्टी और लायसेंस नहीं पाए जाने पर विस्फोटक अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। बता दें इस संयुक्त कार्रवाई मे तहसीलदार मनोज कुमार शर्मा, थाना प्रभारी संतोष कुमार वाघेल, पटवारी कुलदीप सोनगरा,कस्बा पटवारी,आशीष पांडेय और पटवारी इब्राहिम खान का विशेष सहयोग रहा। पुलिस ने धारा 9(बी) विस्फोटक अधिनियम 1884 के तहत प्रकरण दर्ज कर बस सहित पटाखे जप्त कर मामला विवेचना में लिया है। जप्त पटाखों को कौशल विकास केंद्र के एक कमरे में सुरक्षित रखा जाकर कमरे को सील किया गया।

### मामले में कंडक्टर और व्यवसाई पर एफआईआर



### यात्रियों की जान के साथ किया खिलवाड़

बस में अवैध रुप से छत पर इतनी बड़ी मात्रा में बारुडी पटाखों को लाद कर लाना बस में बैठे दर्जनों यात्रियों की जान के साथ सीधा खिलवाड़ करने जैसा है। क्योंकि अगर पटाखों को ढो रही यात्री बस किसी प्रकार से छोटी मोटी दुर्घटना का शिकार हो जाए या फिर किसी कारण से आग के संपर्क में आ जाएगा तो फिर इससे बड़ा हादसा हो सकता है और यात्रियों की जान भी जा सकती है। इसलिए इस तरह से पटाखों का परिवहन पर प्रशासन को सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिये और यह भी जांच करनी चाहिये कि शहर के अंदर कौन-कौन व्यवसायी इस तरह से पटाखों को यात्री वाहनों से शहर में अवैध रुप से परिवहन करके मंगवा रहा है और कौन-कौन पटाखों का अवैध रुप से रहवासी क्षेत्र में व्यवसाय करते हुए पटाखों की खरीद-फरोख्त कर रहा है।

### जांच कर रहे हैं


शनिवार शाम को एसएसटी टीम ने काछीखेड़ी पाइंट पर चेकिंग के दौरान सीहोर से सारंगपुर आ रही बालाजी बस सर्विस कि एमपी 10 पी 1021 कि छत से अवैध रुप से सारंगपुर आ रहे 280 किलो विस्फोटक बरामद किया है। मामले में प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच की जा रही है।

**संतोष सिंह वाघेल, थाना प्रभारी, सारंगपुर।**

कच्छीखेड़ी एसएसटी चैकिंग पाईंट पर यात्री बस में चैकिंग के दौरान पटाखे पाए गए मामले में पंचनामा बनाकर एफआईआर दर्ज करवाई।

**मनोज शर्मा, तहसीलदार सारंगपुर**

# सूने घर में विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान




हरिभूमि न्यूज ⏩ ब्यावरा

मलावर थाने के लखनवास गांव में रहने वाली एक विवाहित महिला ने सूने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। जब जब पति आइसक्रीम बेचकर लौटा तो उसने दरवाजा खटखटाया दरवाजा नहीं खोलने पर उसने आसपास के लोगों को बुलाया और दरवाजा तोड़ा तो महिला फांसी के फंदे पर लटकी मिली। पत्नी को फांसी पर देखते हुए पति जोर-जोर से रोने लगा और बोला मेरे बच्चों और बच्चियों का क्या होगा अब लड़का 5 साल का और लड़की 7 साल की हैऔर यह रहने वाले पतलापानी गांव के हैं 6 महीने से लखनवास में रह रहे थे। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# महावीर स्वामी के पंचशील सिद्धांतों पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏩ राजगढ़

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती अनुयायियों द्वारा 21 अप्रेल को जिले में विभिन्न आयोजनों के साथ मनाई गई। चैत्र शुक्लपक्ष की त्रयोदषी तिथि पर हर साल महावीर जयंती मनाने के क्रम में जैन समाजजनों द्वारा रविवार सुबह नगर में एक प्रभात फेरी भी निकाली गई। इसके उपरान्त जिनालय में पूरे दिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। अनुयायियों द्वारा महावरी स्वामी द्वारा समाज कल्याण और मोक्ष प्राप्ति के लिए दिए जीवन के 5 सूत्र एवं सिद्धांतों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया गया। इन सिद्धांतों को पंचषील सिद्धांत कहा जाता है। जैन समाजजनों ने बताया कि महावीर स्वामी ने कठिन तपस्या कर आत्मज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने अनवरत 12 साल तपस्या कर अपनी इंद्रियों पर काबू पाया।



### सकल जैन समाज ने निकाला भव्य चल समारोह, जिलेभर में हुआ कार्यक्रमों का आयोजन

# रजत रथ में सवार होकर शाही सवारी से नगर भ्रमण को निकले भगवान महावीर

हरिभूमि न्यूज ⏩ सारंगपुर

वर्तमान जिन शासन नायक जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2623 वे जन्मोत्सव पर दो चल समारोह निकाले गए। इस दौरान सकल जैन समाज के तत्वाधान में सदर बाजार स्थित पाश्वनाथ जैन मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में रथ पर रजत सिहासन पर भगवान महावीर विराजित थे। इस दौरान सिहासन के दोनो ओर खडे वर्धमान सिंघई व ॠतिक जैन श्रीजी का चवर झूला रहे थे इस दौरान श्रीजी की स्थान स्थान पर आरती उतार कर पूजा अर्चना की गई। चल समारोह में पुरुष वर्ग सफेद वस्त्र एवं महिलाएं केसरिया वस्त्र पहनकर चल रहे थे। शोभायात्रा पाश्र्वनाथ मंदिर से जामा मस्जीद, अंबिका माता मंदिर , तरुण चैराहा होती हुई महावीर अतिशय क्षेत्र बडा मदिर पहुंची जहा भगवान महावीर का मस्तकाभिषेक किया गया । इसके पश्चात शोभा यात्रा पुनः गॉधी चैक , सदर बाजार, महाकाल चैराहा होती हुई पुनः पाश्वनाथ मंदिर पहुंची जहा श्रीजी के अभिषेक व पूजन सम्पन्न होने के बाद प्रभावना बाटी गई । सकल जैन समाज के तत्वाधान मे निकाली गई शोभा यात्रा मे नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, हिन्दु उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र मिश्रा, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि



निलेश वर्मा, यशवन्त सोनी, विजय बारकिया, सुशील व्यास, भेरुलाल पुष्पद, ओम पुस्पद, निजाम कुरैशी, मानसिंह पाटीदार, अरविन्द चैधरी,सकल जैन समाज अध्यक्ष निर्मल जैन, सकल दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष विजय जैन, श्रीपाल जैन, सुमत जैन, गुन्धर्व जैन ,लतेश सिधई, सुधीर श्रीमाल, चन्द्र कुमार जैन, निर्मल जैन, दिलीप जैन गितेश जैन अनिल जैन, मनोज जैन, नरेन्द्र जैन ,सहित बडी संख्या मे समाज जन मौजूद थे ।इस अवसर हिन्दु उत्सव समिति द्वारा केशरिया दुपट्टे पहनाकर समाजजनों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोज जैन ने किया।

### धूमधाम के साथ मनाई महावीर जयंती, निकाला चल समारोह

**नरसिंहगढ़।** रविवार को जैन समाज द्वारा भगवान महावीर की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। जयंती उपलक्ष्य में समाजबंधुओ द्वारा प्रातः नगर में प्रभातफेरी निकालते हुए अंहिसा के जयकारे लगाऐ। वही शाम को नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया जो बड़ा बाजार स्थित जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस मंदिर पहुंचा जहां विभिन्न धार्मिक आयोजनो के साथ चल समारोह का समापन किया गया। बेंड बाजो के साथ निकले चल समारोह में भगवान महावीर की सजाई आकर्षक झांकी नगरवासियो के आकर्षण का केंद्र रही। चल समारोह में शामिल समाजबंधु भगवान के जयकारे लगाते चल रहे थे इस दौरान नगरवासियो ने स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया। इस अवसर पर सैकड़ों समाज जन एवं अन्य समाज के प्रतिस्ठित नांगारिक शामिल हुए।

